राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 1335 / 2023 दिनांकः– 21 अप्रैल, 2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः– परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या आर0एम0पी0यू0 / 1266 / 2023 दिनांक 08 अप्रैल, 2023 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें निर्देशित किया गया था कि समस्त लंबित परीक्षा शुल्क दिनांक 20 अप्रैल, 2023 तक प्रत्येक दशा में जमा करना सुनिश्चित करें, अन्यथा पूर्व की भांति परीक्षा शुल्क जमा न करने वाले महाविद्यालयों पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा।

अत्यंत खेद का विषय है कि अभी भी अधिंकाश महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत आदेश का अनुपालन न करके ऐसे महाविद्यालय उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम–1973 एवं परिनियम में दिये गये सुसंगत प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन कर रहे है।

मा0 कुलपति जी द्वारा परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, 2023 तक बढाये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है। निर्देशानुसार अपेक्षा की जाती है कि सभी महाविद्यालय दिनांक 25 अप्रैल, 2023 तक समस्त लंबित परीक्षा शुल्क प्रत्येक दशा में जमा करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा न करने वाले महाविद्यालयों पर दिनांक 08 अप्रैल, 2023 के पत्र में अंकित अर्थदण्ड अधिरोपित कर दिया जायेगा तथा अधिनियम, परिनियम एवं शासनादेशों में अंकित व्यवस्था के अनुसार दंण्डात्मक कार्यवाही किया जाना विश्वविद्यालय की बाध्यता होगी।

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ।
2. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ परिक्षेत्र।
4. स्थानीय संपादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने सम्मनित समाचार पत्र में जनहित में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के लॉगइन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड करें।
6. गार्ड फाईल।

कुलसचिव 21/4